करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, गुरुवार, 13 अक्टूबर, 2022 | 20

# विद्यार्थियों ने दौड़ लगाकर स्वस्थ रहने का दिया संदेश



हिंडौन सिटी। राजकीय पीजी कॉलेज में फिट इंडिया फ्रीडम रन के अंतर्गत एनएसस की संयुक्त इकाईयों के तत्वाधान में दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ के आयोजन के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेश कुमार गर्ग एवं उपमा मीना ने बताया कि फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम के तहत एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों के द्वारा कॉलेज प्रांगण से कलाम तिराहे तक दौड़ लगाई। महाविद्यालय प्राचार्य सुरेश चंद मीना नें सभी छात्र- छात्राओं को महाविद्यालय में आयोजित होने वाली सभी खेलकूद की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया ,तथा अपने उद्बोधन में सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर मुकेश गोयल, भोली मीना, श्रीनिवास गुर्जर, डॉ. रीतेश जैन, राजकुमारी, गुंजन गोयल आदि उपस्थित रहे।